विचारार्थ विषय

परामर्शदाता - आरसीएच निगरानी / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लेखित पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांग कर रहा है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- आरसीएच की समग्र निगरानी में मंत्रालय के आरसीएच प्रभाग की सहायता करना
- डेटाबेस की प्रभावी तैयारी के लिए समय पर डेटा आदान सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करना और राज्यों को प्रतिक्रिया प्रदान करना;
- राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा बैठकों में आरसीएच कार्यक्रम की निगरानी और मूल्यांकन के संबंध में विभिन्न बैठकों में भाग लेना;
- आरसीएच कार्यक्रम की निगरानी से संबंधित सभी प्रासंगिक कार्यों को पूरा करना;
- आम समीक्षा मिशनों में भाग लेना;
- आवश्यकता होने पर आरसीएच प्रभाग को नियमित रूप से रिपोर्ट उपलब्ध कराना;
- अधिकारियों द्वारा एकीकृत क्षेत्र की निगरानी दौरे (आईएमटीएस) का समन्वय करना;
- आरएफडी, ई-समीक्षा प्रस्तुत करने में समन्वय करना;
- एचएमआईएस, एमसीटीएस और अन्य सर्वेक्षण रिपोर्टों का विश्लेषण करना;
- सभी प्रभागों के साथ आररसीएच से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करना।
- समयबद्ध तरीके से सभी कार्यों को सम्पन्न करना।

पात्रता

- किसी प्रतिष्ठित या मान्यता प्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य / स्वास्थ्य प्रबंधन / एमबीए में स्नातकोत्तर की डिग्री।
- न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3 वर्ष का अनुभव स्वास्थ्य कार्यक्रमों विशेषकर आरसीएच कार्यक्रम का समन्वय, आंकड़ा प्रबंधन और निगरानी करने में हो।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, संबंधित सरकारी नीतियों / रणनीतियों, विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के बारे में जानकारी।
- वित्तीय विश्लेषण, कार्यक्रम प्रबंधन, क्षमता निर्माण और पर्यवेक्षण सहायता में सुदृढ़ और अनुभव की अच्छी समझ।
- आपसी संबंधों को मजबूत बनाने, इसका आदान-प्रदान करने और टीम-वर्क में कौशल होना।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- अंग्रेजी में लिखने और बोलने का उत्कृष्ट ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का कोई प्रकाशित कार्य हो या जब विशिष्ट प्रासंगिकता के कार्य का अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.rchm@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***